5th class Hindi Bodh Ch 2 Ques.Ans

मौखिक

1 प्रश्नों के उत्तर बताओ__

क) व्यापारी पुत्र ने महाजन के पास धरोहर के रूप में क्या रखा?

उत्तर- व्यापारी पुत्र ने महाजन के पास धरोहर के रूप में तराज़ू रखा।

ख)महाजन ने क्यों कहा कि तराज़ू चूहे खा गए?

उत्तर- महाजन व्यापारी पुत्र को तराज़ू लौटना नहीं चाहता था इसलिए उसने कहा कि तराज़ू चूहे खा गए।

ग) व्यापारी पुत्र ने महाजन के बेटे को कहाँ छुपाया?

उत्तर- व्यापारी पुत्र ने महाजन के बेटे को गुफा में छुपाया।

घ) न्यायाधीश ने व्यापारी पुत्र से क्या कहा?

उत्तर- न्यायाधीश ने व्यापारी पुत्र से कहा कि क्या बाज भी कभी बच्चे को उठाकर ले जा सकता है?

लिखित

2 प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क)व्यापारी-पुत्र ने परदेस जाने का विचार क्यों किया?

उत्तर- व्यापारी पुत्र ने व्यापार में धन-हानि होने पर पुनः धन कमाने के लिए परदेस जाने का निश्चय किया ।

ख) उसने अपना तराज़ू महाजन के पास धरोहर क्यों रखा?

उत्तर- व्यापारी पुत्र धन कमाने विदेश जा रहा था और उसके पास धन नहीं था इसलिए उसने तराज़ू महाजन के पास धरोहर रखा।

ग) व्यापारी पुत्र को कब लगा कि महाजन की नियत बदल गई है ?

उत्तर- विदेश से लौटने के बाद व्यापारी- पुत्र द्वारा तराज़ू माँगने पर महाजन ने तराज़ू देने से मना कर दिया और कहा कि तराज़ू चूहे खा गए हैं तब व्यापारी- पुत्र को लगा कि महाजन की नियत बदल गई है।

घ) महाजन को सबक सिखाने के लिए व्यापारी पुत्र ने क्या किया?

उत्तर- महाजन को सबक सिखाने के लिए व्यापारी पुत्र ने उसके (महाजन के) लड़के को गुफा में छिपा दिया और कहा कि उसके बेटे को बाज उठाकर ले गया है।

ड़) न्यायाधीश ने दोनों को क्या आदेश दिया?

उत्तर- न्यायाधीश ने महाजन को व्यापारी पुत्र की धरोहर लोहे का तराज़ू लौटाने और व्यापारी पुत्र को महाजन का पुत्र लौटाने का आदेश दिया ।

च)**इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है?**

उत्तर- इस कहानी से हमें छल कपट से दूर रहने, कभी लालच नहीं करने, विपरीत स्थितियों में सूझबूझ और बुद्धिमानी से कार्य करने की शिक्षा मिलती है।